सघन टिकट जांच अभियान में 152 मामलों में कार्रवाई

कोटा, (निसं)। यात्रियों में अनुशासन सुनिश्चित करने तथा बिना टिकट यात्रा एवं अवैध वेंडिंग पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से कोटा मंडल में कोटा-भवानीमंडी रेल खंड पर सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुल 152 मामलों में कार्रवाई करते हुए यात्रियों से किराया एवं जुर्माने के रूप में 45,500 का कुल जुर्माना लिया गया। जांच के दौरान बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा के मामलों पर नियमानुसार कार्रवाई की गई। इस दौरान भवानीमंडी स्टेशन के प्लेटफार्म क्षेत्र में भी गहन टिकट जांच की गई टिकट जांच दल में मुख्य टिकट निरीक्षक लक्ष्मीकांत मीना, चल टिकट निरीक्षक दीपक शर्मा, वाणिज्य लिपिक-सह-टिकट संग्राहक हेमेंद्र मीना, विष्णु कुमारी सुमन, उमेश कुमार एवं ऋषभ कुमार, कांस्टेबल रवि डूडी एवं कांस्टेबल संजय मीना शामिल रहे। यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा एवं निष्पक्ष यात्रा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कोटा मंडल में इस प्रकार के सघन टिकट जांच अभियान आगे भी निरंतर जारी रखे जाएंगे। यात्रियों से अपील है कि वे रेल यात्रा के दौरान वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें।

'हलवाई और केटरर्स समाज की व्यवस्था के महत्वपूर्ण अंग, इनके बिना समाज की कल्पना अधूरी'

कोटा, (निसं)। हाड़ौती हलवाई केटरर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित शपथ ग्रहण समारोह एवं नववर्ष, दीपावली स्नेह मिलन समारोह कोटा में भव्यता, गरिमा और ऐतिहासिक सहभागिता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कोटा सहित हाड़ौती अंचल से हलवाई एवं केटरर्स समाज के चार हजार से अधिक परिवारजन शामिल हुए, जिससे आयोजन अभूतपूर्व और यादगार बन गया। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ अध्यक्ष अन्नू अग्रवाल ने किया।

प्रातः 10 बजे आयोजित शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष सचिन माहेश्वरी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हाड़ौती हलवाई केटरर्स एसोसिएशन अपने सदस्यों के हित, व्यवसायिक उन्नयन, गुणवत्ता सुधार और सामाजिक समरसता के लिए सदैव तत्पर रहेगी। उन्होंने कहा कि संगठन आने वाले समय में हलवाई-केटरर्स समाज को एक नई पहचान दिलाने के लिए संगठित प्रयास करेगा।

मुख्य अतिथि कोटा नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष राजेश बिरला ने अपने उद्बोधन में कहा कि हलवाई और केटरर्स समाज की व्यवस्था के ऐसे महत्वपूर्ण अंग हैं, जिनके बिना कोई भी सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक या राजनीतिक आयोजन संभव नहीं है। विवाह, जन्मदिन, पार्टी या कोई भी समारोह हो हर आयोजन की सफलता में हलवाई और केटरर्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि हाड़ौती हलवाई केटरर्स एसोसिएशन एक सशक्त संगठन है और आने वाले समय में यह कोटा को नई दिशा दे सकता है।

कार्यक्रम में कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, शहर भाजपा अध्यक्ष राकेश जैन, माहेश्वरी समाज कोटा के अध्यक्ष सुरेश काबरा, पूर्वी राजस्थान माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष महेश अजमेरा, संरक्षक रमेश अरोड़ा, त्रिलोक

■ हाड़ौती हलवाई केटरर्स एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह एवं नववर्ष दीपावली मिलन संपन्न

पाठक, अरुण गुप्ता, घनश्याम वैष्णव की गरिमामयी उपस्थिति रही। विशिष्ट अतिथि कोटा व्यापार महासंघ के अध्यक्ष क्रांति जैन ने कहा कि हलवाई केटरर्स एसोसिएशन अपने स्तर पर उत्कृष्ट कार्य कर रही है और व्यापार महासंघ सदैव उनके साथ खड़ा रहेगा।

विशिष्ट अतिथि कोटा व्यापार महासंघ के महासचिव अशोक माहेश्वरी ने कहा कि कोटा हाड़ौती ट्रेवल मार्ट के आयोजन से कोटा को पूरे देश में पर्यटन नगरी के रूप में पहचान मिली है। आने वाले समय में होटल, केटरिंग और टेंट व्यवसाय के संयुक्त प्रयासों से कोटा पर्यटन के क्षेत्र में नई ऊंचाईयों को छुएगा, जिसका लाभ सभी कोटावासियों को मिलेगा।

कार्यक्रम को ऑल राजस्थान कैटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज सेवानी, जयपुर हलवाई कल्याण समिति के अध्यक्ष बद्री मीणा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर बूंदी, बारां एवं झालावाड़ की हलवाई केटरर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणियों को मंच पर सम्मानित किया गया। यह आयोजन न केवल संगठन की एकजुटता का प्रतीक बना, बल्कि हाड़ौती के हलवाई केटरर्स समाज को नई ऊर्जा, नई पहचान और नई दिशा देने वाला साबित हुआ।

नवीन कार्यकारिणी को दिलाई शपथ-मुख्य अतिथि राजेश बिरला द्वारा नवीन कार्यकारिणी के अध्यक्ष सचिन माहेश्वरी महामंत्री कमल गौतम, कोषाध्यक्ष विनय गुप्ता, सह सचिव रवि आहूजा, उपाध्यक्ष लक्ष्मीचंद प्रजापति, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ललित शर्मा, कैलाश शर्मा, उपाध्यक्ष रामविलास, वागड़, राकेश जैन, अनिल धनोप, सुनील पोरवाल, आशीष माहेश्वरी, नितिन विजय, विनोद पाटनी, संदीप जैन, कैलाश श्रृंगी डाबला, महावीर मालू, हेमराज गुर्जर, विपिन विजय, हरिबल्लभ माहेश्वरी, सांस्कृतिक मंत्री जयन्त अग्रवाल, अंकुर मंत्री, सूचना एवं प्रचार मंत्री सुधीर खण्डेलवाल, सुनील पोटर, सतीश मेरोठा, योजना मंत्री राजेन्द्र मेहरा, संजय अग्रवाल, राजेश गोयल, रवि सुवालका, दीपेश गौतम, योगेश सक्सेना, भगवान सिंह नरूका, दिनेश श्रृंगी, विनोद रड़ोदिया, जगदीश जाट, घनश्याम शर्मा, अशोक प्रजापती, क्षेत्रीय प्रभारी ऋषभ जैन (बूंदी), बालमुकुन्द राठौर (बूंदी), कमल जैन (बारां), टीकम पांचाल (बारां), ओम खंडेलवाल (अन्ता), अशोक वधवा (रावतभाटा), नेमीचंद शर्मा (रावतभाटा), नितिन जैन (झालरापाटन) तथा विशेष आमंत्रित सदस्य संजय शर्मा (जोधपुर रेस्टोरेंट), धीरज जैन (मालूजी वाला), हेमन्त जैन (जैन मावा भंडार), प्रमोद माहेश्वरी (मामाजी) को शपथ दिलाई गई।

'एबीवीपी के प्रांत अधिवेशन में छात्रसंघ चुनाव सहित अन्य प्रस्ताव रखें'

कोटा, (निसं)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चितौड़ प्रान्त का 61 वां प्रान्त अधिवेशन बांसवाड़ा में आयोजित किया गया था, जिसमें छात्रसंघ चुनाव सहित अन्य प्रस्ताव रखे गये, अखिल भारतीय विधार्थी परिषद चितौड़ प्रान्त के प्रदेश मंत्री जितेन्द्र लोधा ने बताया कि छात्रसंघ चुनाव को लेकर अगर सरकार का रवैय्या सरकरात्मक नही हुआ तो चुनाव कराने को लेकर आंदोलन किया जायेगा। प्रदेश मंत्री जितेन्द्र लोधा ने कहा कि सत्र 2025-26 में चितौड़ प्रान्त में 1,75,578 सदस्यता के साथ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होने आगामी कार्ययोजना की घोषणा करते हुए बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा प्रान्तभर में छात्रावास सर्वेक्षण अभियान चलाया जायेगा साथ ही समय-समय पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। इस मौके पर प्रदेश सह मंत्री चेतना पांचाल, कार्यसमिति सदस्य दिप्ति मेवाड़ा, मिडिया प्रभारी निखिल सिंह सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

'एसआईआर से निष्पक्ष चुनाव का अवसर मिला'

कोटा, (निसं)। वासुदेव देवनानी राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष के कोटा आगमन पर सर्किट हाउस परिसर कोटा, में विधायक कोटा दक्षिण संदीप शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन के सानिध्य में भारतीय जनता पार्टी शहर जिला कोटा द्वारा माला, बुके एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि जो लोग अवैद्य रूप से भारत में रह रहे है, जिनके पास कोई भारतीय डॉक्यूमेंट नहीं है उनको भारत के लोकतांत्रिक पद्धति में रहने का अधिकार नहीं होना चाहिये। एसआईआर द्वारा मतदाता सूचीयों का शुद्धीकरण हो रहा है, इससे निष्पक्ष रूप से चुनाव का अवसर मिलेगा। पहले विपक्ष एसआईआर का विरोध कर रहा था किंतु वो भी इसके महत्त्व को समझने लगे है, अब सिर्फ पश्चिम बंगाल में ही इसका विरोध वहां के मुख्यमंत्री कर रहे है। और जो इसका विरोध कर रहे है उनके ध्यान मे यह भी है कि चुनाव आयोग, भारतीय सेना, सुप्रीम कोर्ट सहित सभी संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान करना प्रत्येक भारतीय नागरिक व नेता का कर्त्तव्य है और जो यह नहीं कर रहे।

राख व अस्थियां गायब होने पर आक्रोश

कोटा, (निसं)। महाराजा श्रीअग्रसेन सोश्यल ग्रुप की ओर से शमसान से मृतक की राख और अस्थियां गायब होने पर आक्रोश व्यक्त किया गया है। संभागीय अध्यक्ष परमानंद गर्ग ने बताया कि समाज के सभ्रांत परिवार की 88 वर्षीय कमला देवी का देवलोक गमन होने पर 6 जनवरी को अंतिम संस्कार नयापुरा मुक्तिधाम पर समाज एवं परिजनो की उपस्थिति किया गया था। उनका गुरुवार को तिया था। ऐसे में परिजन सुबह तिए की परंपरा करने के लिए पहुंचे थे। उन्हें चिता से अस्थियां गायब मिली। किसके बाद परिजनों और समाज जनों में आक्रोश फैल गया। परिजनों ने शमसान के गार्ड से अस्थियों के बारे में जानकारी चाहिए। लेकिन गार्ड भी लोगों के साथ अभद्रता करने लगा। परिजनों ने बताया कि गार्ड मृतक के परिजनों से अंत्येष्टि की सुरक्षा के लिए 5 सौ रुपए वसूलता है, लेकिन फिर भी अस्थियां सुरक्षित नहीं हैं। मामले को लेकर राजाराम जैन कर्मयोगी द्वारा नयापुरा पुलिस थाने पर रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। जिस पर पुलिस द्वारा तत्कालीन धरना प्रमुख को बंद कर लिया है। मनीष गोयल ने बताया कि राख से ही बाकी के संस्कार सम्पन्न करने हेतु हरिद्वार जा रहे हैं।

वैश्य इंटरनेशनल एसोसिएशन ने कोटा निवासी मुकेश विजयवर्गीय को राजस्थान का सह-प्रभारी नियुक्त किया

कोटा, (निसं)। वैश्य इंटरनेशनल एसोसिएशन ने संगठन के विस्तार एवं सामाजिक सेवा गतिविधियों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए कोटा निवासी समाजसेवी मुकेश विजयवर्गीय को राजस्थान राज्य का सह-प्रभारी नियुक्त किया है।

यह नियुक्ति वीआईए के बोर्ड चेयरमैन केंट आर ओ सिस्टम के एमडी महेश गुप्ता द्वारा संस्थापक समिति की अनुशंसा पर मुकेश विजयवर्गीय की सामाजिक प्रतिबद्धता, सक्रिय सहभागिता एवं संगठनात्मक अनुभव को ध्यान में रखते हुए की गई है। नियुक्ति पत्र में उनसे संगठन के संविधान एवं उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करते हुए राज्य में सदस्यता अभियान को गति देने, प्रदेश स्तरीय टीम गठन तथा मार्च 2026 से पूर्व राज्य स्तरीय सम्मेलन के आयोजन की अपेक्षा जताई गई है। वैयक्तिक दायित्वों के साथ-साथ उन्हें यह भी दायित्व सौंपा गया है कि वे समाज के उन परिवारों की पहचान कर सहायता उपलब्ध कराने में सहयोग करें, जो व्यापार में घाटा, शिक्षा, चिकित्सा अथवा अन्य गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे हों।

वैश्य इंटरनेशनल एसोसिएशन एक सेक्शन-8 (गैर-लाभकारी) संस्था है, जो वैश्य समाज के उद्यमियों, बुद्धिजीवियों एवं समाजसेवियों को एक मंच पर लाकर सेवा, सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और सामाजिक उत्थान के लिए कार्य कर रही है। संस्था का विज़न समाज के प्रत्येक वर्ग को सहयोग प्रदान करना, संसाधनों की कमी से किसी को वंचित न रहने देना तथा सांस्कृतिक मूल्यों के साथ सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। नव-मनोनित राजस्थान के सह प्रभारी मुकेश विजयवर्गीय ने राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार जताते हुये बताया कि वीआईए के कार्यक्रमों में शिक्षा एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी, कानूनी सहायता, वरिष्ठ नागरिक सहयोग, कौशल विकास व प्रशिक्षण, स्वास्थ्य सेवाएं, खेल, कला, साहित्य एवं संस्कृति से जुड़े व्यक्तियों का समर्थन, उद्यमियों, महिलाओं एवं युवाओं को एक मंच पर लाना, जैसे अनेक सामाजिक कार्य शामिल कर संस्था को सशक्त बनाने में योगदान करेंगे। संस्था के संस्थापकों में देश के प्रतिष्ठित उद्योगपति एवं सामाजिक नेतृत्वकर्ता शामिल हैं।

संस्थापक सदस्य केंट आरओ सिस्टम महेश गुप्ता, हल्दीराम ग्रुप मनोहर लाल अग्रवाल, उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री व नंदी ग्रुप के एमडी नंद गोपाल गुप्ता नंदी, क्रिस्टल इंसपाईरिंग ग्रोथ के नंद किशोर अग्रवाल, लोहिया ग्रुप के विनीत कुमार गुप्ता, मल्टीकलर स्टील्स के राजेश गुप्ता, ओम लॉजिस्टिक के अजय सिंघल, निराला इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के सुरेश गर्ग, कॉन्टिनेंटल मिल्कॉज इंडिया लिमिटेड के एस.एस. अग्रवाल, एम 3 एम इंडिया के बसंत बंसल, न्यूमेक्स रियलकॉन प्रा लिमिटेड के सुनील गोयल, जी आर इन्फ्रा लिमिटेड के विनोद कुमार अग्रवाल, विधा पॉलिमर्स प्रा.लि. से श्री धर्मपाल अग्रवाल ओम लॉजिस्टिक लिमिटेड के विपिनराम अग्रवाल सागर कत्था फैक्ट्री के निर्मल कुमार, ईपेक ग्रुप के संजय सिंघानिया व सलाहकार सदस्य पूर्व आईआरएस अधिकारी के.सी. जैन ने नई जिम्मेदारी मिलने पर मुकेश विजयवर्गीय को संगठन की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दी गई।

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक :- एफ-15/कृ.भू.रू./2026/1904 **विज्ञप्ति** दिनांक : 8.1.2026

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम खेडली पुरोहित में स्थित कृषि भूमि योजना इन्द्रा कॉलोनी भूखण्ड संख्या बी-11 खसरा नं. 110 पुराना आवेदक/आवेदिका श्रीमती उर्मिला पत्नि श्री राजेन्द्र चौरसिया एवं श्रीमती पदमिनी चौरसिया पत्नि श्री सुरेश चन्द्र चौरसिया निवासी इन्द्रा कॉलोनी माला रोड कोटा जं. द्वारा पट्टे हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज अनुसार खातेदार के.एम मेहता व अशोक मेहता बैहेसियत भागीदार फर्म जे.एन. मार्शल कम्पनी भीमगंजमण्डी द्वारा उक्त भूखण्ड का वैचान जर्ये विक्रय पत्र दिनांक 16.07.1975 को श्री बलदेव राज पुत्र श्री सूरज मल को किया गया। क्रेता बलदेव राज द्वारा उक्त भूखण्ड का वैचान विक्रय पत्र दिनांक 25.07.1975 को श्रीमती लता देवी पत्नि श्री राजदेव चौरसिया के पक्ष में किया गया है। कार्यालय उप खण्ड अधिकारी कृषि भूमि रूपान्तरण शाखा द्वारा पट्टा क्रमांक 16.01.1886 को श्रीमती लता देवी पत्नि श्री राजदेव चौरसिया के पक्ष में जारी किया गया है। श्रीमती लता देवी की मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 24.03.2003 एवं पति की मृत्यु 16.04.2018, पुत्र राजेन्द्र चौरसिया की मृत्यु दिनांक 19.09.2022, सुरेश चौरसिया की मृत्यु 26.04.2022 को हो चुकी है। सुरेश चौरसिया की विधिक वारिसान पत्नि पदमिनी चौरसिया पुत्र सुमत चौरसिया, हेमन्तु कुमार एवं राजेन्द्र चौरसिया के विधिक वारिसान पत्नि श्रीमती उर्मिला देवी, पुत्र चन्दन चौरसिया व पुत्री ज्योति चौरसिया है। सुरेश चौरसिया के वारिसान पुत्र सुमत चौरसिया, हेमन्तु कुमार द्वारा जर्ये रजि. रिलीज डीड दिनांक 13.03.2023 से अपनी माता पदमिनी चौरसिया व राजेन्द्र चौरसिया के विधिक वारिसान द्वारा पुत्र चन्दन चौरसिया व पुत्री ज्योति चौरसिया जर्ये रजि. रिलीज दिनांक 13.03.2023 को श्रीमती उर्मिला देवी के पक्ष में किया गया है।

अतः आवेदिका द्वारा प्रस्तुत रजि. रिलिज डीड एवं शपथ पत्र के आधार पर श्रीमती उर्मिला पत्नि श्री राजेन्द्र चौरसिया एवं श्रीमती पदमिनी चौरसिया पत्नि श्री सुरेश चन्द्र चौरसिया के पक्ष में का पट्टा जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक :- 427 **नाम हस्तांतरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक : 7.1.2026

प्राधिकरण कोटा की चाणक्यपुरी आवासीय योजना के भूखण्ड/आवास संख्या 133 का आवंटन/विक्रय/हस्तान्तरण/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 06.10.2003 को श्री दिनेश सविता पुत्र श्री जगन्नाथ सविता को किया गया था। आवंटी द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास का जर्ये मुख्तारआम श्री नवीन कुमार अग्रवाल पुत्र श्री धनी राम अग्रवाल द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 13.03.2023 को श्री आकाश अग्रवाल पुत्र श्री धनी राम अग्रवाल को विक्रय कर दिया गया है क्रेता द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास का अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 133 योजना चाणक्यपुरी आवासीय का नाम हस्तान्तरण श्री आकाश अग्रवाल पुत्र श्री धनी राम अग्रवाल के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक :- एफ 11/विक्रय/2025/634 दिनांक : 8.1.26

नाम हस्तांतरण चाहने बाबत आम सूचना

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा द्वारा योजना श्रीनाथपुरम भूखण्ड संख्या 66-सी का नामहस्तांतरण क्रमांक 736-37 दिनांक 07.07.2014 को श्री त्रिलोक चन्द गुप्ता पुत्र श्री भंवर लाल गुप्ता के नाम हस्तान्तरण किया गया था। श्री त्रिलोक चन्द गुप्ता की मृत्यु दिनांक 24.11.2017 को हो गयी है। मृत्यु उपरान्त श्री त्रिलोक चन्द गुप्ता पुत्र श्री भंवर लाल गुप्ता के विधिक वारिसान द्वारा प्रस्तुत रजिस्टर्ड रिलीज डीड (हक त्याग पत्र), मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आईडी इत्यादि दस्तावेजो के आधार पर श्रीमती मधुवाला गुप्ता पत्नी स्व. श्री त्रिलोक चन्द गुप्ता द्वारा उक्त भूखण्ड संख्या 66-सी श्रीनाथपुरम अपने नाम हस्तान्तरण करने की स्वीकृति कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा से चाही जा रही है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपति प्रस्तुत कर दे, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड संख्या 66-सी योजना श्रीनाथपुरम का नामहस्तान्तरण श्रीमती मधुवाला गुप्ता पत्नी स्व. श्री त्रिलोक चन्द गुप्ता के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक :- एफ 11/विक्रय/2025/633 दिनांक : 8.1.26

नाम हस्तांतरण चाहने बाबत आम सूचना

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा द्वारा भूखण्ड संख्या 106-वी श्रीनाथपुरम आवासीय योजना में हस्तान्तरण पत्र क्रमांक 403-405 दिनांक 29.01.2004 को श्री रघुवीर सिंह पुत्र श्री जोगेन्द्र सिंह के नाम हस्तान्तरण किया गया था। श्री रघुवीर सिंह पुत्र श्री जोगेन्द्र सिंह द्वारा उक्त भूखण्ड का जर्ये मुख्तारआम श्री सुदर्शन कुमार विजय पुत्र स्व. श्री शिवनारायण द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 04.04.2006 को श्री कृष्ण कुमार सोनी पुत्र श्री मूलचन्द को विक्रय कर दिया गया है। अतः श्री कृष्ण कुमार सोनी पुत्र श्री मूलचन्द द्वारा उक्त भूखण्ड का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु प्राधिकरण में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड संख्या 106-वी श्रीनाथपुरम आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्री कृष्ण कुमार सोनी पुत्र श्री मूलचन्द के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक :- एफ-15/कृ.भू.रू./2025/1900 **विज्ञप्ति** दिनांक : 7.1.2026

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम रामचन्द्रपुरा योजना ''आदित्य नगर'' खसरा नं. 142, 104/398 में स्थित भूखण्ड संख्या 155 के ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में श्री मजीदुल्ला पुत्र श्री बरकतुल्ला निवासी ग्राम खेड़ली गंज तह. अटरू, बारां राज. द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। भूखण्ड संख्या 155 का पट्टा नवीनीकरण क्रमांक 206 दिनांक 05.05.2024 को श्री आशिक मोहम्मद पुत्र नासिर मोहम्मद पक्ष में जारी किया गया था। पट्टेधारी द्वारा भूखण्ड संख्या 155 का बेचान जर्ये पंजीकृत मुख्तार आम श्री मोईन खान पुत्र श्री असलम जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 11.12.2024 से श्री मजीदुल्ला पुत्र श्री बरकतुल्ला को कर दिया गया हैं।

अतः श्री मजीदुल्ला पुत्र श्री बरकतुल्ला के नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक :- एफ-15/कृ.भू.रू./2025/1652 **विज्ञप्ति** दिनांक : 10.12.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम कुन्हाडी में स्थित कृषि भूमि योजना गणपति रेजीडेन्सी खसरा नं. 340 में स्थित भूखण्ड संख्या 24 आवेदक/आवेदिका श्रीमती रिंकी प्रसाद पुत्री श्री रंजीत कुमार प्रसाद (पत्नि श्री कुश कुमार) निवासी वार्ड नम्बर 46, विद्यानगर क,लोनी, चम्पासरी दाजीलिंग वेस्ट बंगाल हाल मुकाम अतरोली कुर्सी रोड पब्लिक स्कूल के पास, गुडम्बा, लखनउ उ.प्र. द्वारा ऑन लाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 10144 दिनांक 01.08.2011 को यतीश जैन कर्ता यतीश चन्द्र एन्ड सन्स (एच.यू.एफ. कर्त्ता) पुत्र श्री मोहन लाल जैन के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा जर्ये मुख्तारआम अनिरुद्ध बागला पुत्र स्व. श्री बृजबल्लभ बागला द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान दिनांक 20.06.2025 को आवेदिका के पक्ष में किया गया है।

अतः श्रीमती रिंकी प्रसाद पुत्री श्री रंजीत कुमार प्रसाद (पत्नि श्री कुश कुमार) के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

RIICO GROW WITH RAJASTHAN — राजस्थान सरकार का उपक्रम — RISING RAJASTHAN REPLETE • RESPONSIBLE • READY

औद्योगिक विकास के खुल रहे नये द्वार आप भी बनें भागीदार

सरल ई-नीलामी के माध्यम से आवंटन

आधारभूत सुविधाओं युक्त औद्योगिक क्षेत्रों में करें उद्यम की स्थापना

64 कुल औद्योगिक क्षेत्र | 299 कुल भूखण्ड | 290 औद्योगिक भूखण्ड | 09 लॉजिस्टिक भूखण्ड

उपरोक्त औद्योगिक क्षेत्रों पर प्रत्यक्ष आवंटन योजना-2025 लागू नहीं है

ईएमडी: प्रारम्भ तिथि: 09 जनवरी, 2026 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 23 जनवरी, 2026 (सायं 06:00 बजे)

ऑनलाईन बिड: प्रारम्भ तिथि: 27 जनवरी, 2026 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 29 जनवरी, 2026 (सायं 05:00 बजे)

30	आबू रोड़	03	चूरू	33	नागौर	08	उदयपुर
25	अजमेर	08	बीकानेर	07	पाली	03	जयपुर (दक्षिण)
05	अलवर	14	श्रीगंगानगर	24	झालावाड़	02	जयपुर (उत्तर)
08	भिवाड़ी-I	16	किशनगढ़	01	जालोर	25	ईपीआईपी सीतापुरा, जयपुर
19	भिवाड़ी-II	13	भीलवाड़ा	13	राजसमंद	02	जोधपुर
07	बोरानाडा	01	जयपुर (ग्रामीण)	20	कोटा	03	सवाईमाधोपुर
05	घिलोठ	01	सीकर	03	नीमराना		

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किश्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान
या
रीको की टर्म लोन स्कीम के तहत भूमि की लागत का 75% तक का ऋण 5 साल की पुनर्भुगतान अवधि एवं 8.5% ब्याज के साथ
*केवल औद्योगिक भूखण्डों के लिए

आवेदन के लिए QR कोड स्कैन करें

राज.संवाद/सी/25/17325

राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005
ई-नीलामी हैल्पलाइन नं. 0141-4593250, 4593237, व्हाट्सएप: +91 9001306515, ई-मेल: riico@riico.co.in
आवंटन से सम्बंधित नियमों एवं शर्तें, ईएमडी विवरण, रजिस्ट्रेशन एवं भूखण्ड से सम्बंधित जानकारी के लिए देखें
https://riico. rajasthan.gov.in या https://www.riico.co.in

रामगंजमण्डी अभिभाषक परिषद के चुनाव 12 को

रामगंजमण्डी, (निसं)। अभिभाषक परिषद रामगंजमण्डी का चुनाव 12 जनवरी सोमवार को सम्पन्न होगा। गुरुवार को नाम वापसी पश्चात अध्यक्ष पद के लिए रंगलाल मेघवाल व चन्दन गुप्ता, उपाध्यक्ष पद के लिए कमलेश कुमार मेहरा व जसवन्त चौधरी एवं सचिव पद के लिए नरेश कुमार मीणा व परमानन्द अहीर के बीच सीधा मुकाबला होगा। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर जयविश्वास एवं पुस्तकालय मंत्री पद पर कमलेश कुमार रेडिवाल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव में कुल 74 अधिवक्ता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। प्रातः 11 से दोपहर 02 बजे तक मतदान एवं मतदान के तुरंत बाद परिणाम घोषित किये जायेंगे।

'बिखरना या संवरना मनुष्य के हाथ में है'

कोटा, (निसं)। गणेश नगर स्थित भीमेश्वर महादेव मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कथावाचक, श्रीविद्या सिद्ध एवं ज्योतिष सम्राट राघव ऋषिजी ने भावविभोर करते हुए कहा कि मनुष्य का बिखरना या संवरना उसके अपने हाथ में है। माया से जुड़ने वाला टूटता है और प्रभु से जुड़ने वाला निखर जाता है। उन्होंने कहा कि जब जीव परमात्मा से मिलने को आतुर होता है, तब प्रभु कृपा से संतों का सान्निध्य प्राप्त होता है। संसार में रहते हुए संतवृत्ति को जागृत करना ही जीवन का सच्चा उद्देश्य है। जन्म-मृत्यु, जरा और व्याधि के दुःखों का चिंतन वैराग्य उत्पन्न करता है और पापों का नाश करता है। ध्रुव और भरत चरित्र का भावपूर्ण वर्णन करते हुए ऋषिजी ने कहा कि अनावश्यक आसक्ति मनुष्य की शक्ति को क्षीण कर देती है, जबकि प्रभु भक्ति जीवन को अमर बना देती है। बाल्यकाल से की गई भक्ति अवश्य फल देती है।

LIC's
जन सुरक्षा
(नॉन पार, नॉन लिंक्ड, व्यक्तिगत, बचत, जीवन सूक्ष्म बीमा प्लान)
UIN: 512N388V01 | PLAN NO: 880
छोटा प्रीमियम, बड़ी सुरक्षा.
प्रमुख ख़ूबियाँ
• जीवन सूक्ष्म बीमा योजना
• सीमित प्रीमियम प्लान
• 3 पूर्ण वर्ष के प्रीमियम भुगतान के बाद ऑटो कवर
• पहले पॉलिसी वर्ष की समाप्ति पर पॉलिसी लोन
• पॉलिसी की पूरी अवधि में गैरंटीड एडिशन
योग्यता की शर्तें
a) न्यूनतम बीमा धन ₹1,00,000/-
b) अधिकतम बीमा धन ₹2,00,000/-
ड